दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 208

## महत्वपूर्ण एवं खास

### इराक में 11 आईएस आतंकवादियों को दी गई फांसी

**बगदाद ।** इराकी अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह का सदस्य होने के आरोप में 11 दोषियों को फांसी दे दी। एक सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक इराकी राजधानी बगदाद से लगभग 350 किलोमीटर दक्षिण में नासिरिया शहर में नासिरियाह सेंट्रल जेल में मंगलवार को 11 दोषियों को फांसी दे दी गई। सूत्र ने कहा कि इराकी न्याय मंत्रालय की एक टीम ने इराकी राष्ट्रपति के अनुसमर्थन सहित सभी कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद मौत की सजा के कार्यान्वयन की निगरानी की।वर्ष 2017 के अंत में इराकी बलों द्वारा इराक में आईएस को हराने के बाद सैकड़ों आईएस समर्थक मारे गए या पकड़े गए, जबकि कई अन्य अभी भी इराक या विदेश में बड़े पैमाने पर छिपे हुए हैं। इराक में मृत्युदंड को 10 जून 2003 को निलंबित कर दिया गया था, लेकिन अगस्त 2004 से इसे बहाल कर दिया गया है।

### होशियारपुर में दिनदहाड़े चोरों ने की लूटपाट, लाखों का सामान चोरी

**होशियारपुर (आरएनएस)।** होशियारपुर में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वो दिनदहाड़े लूटपाट की वारदात को अंजाम दे जा रहे हैं। ताजा मामला दाना मंडी इलाके का है जहां बदमाशों ने बेखौफ मोबाइल की दुकान में जबरन घुसकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। इस दौरान बदमाश लाखों का सामान लेकर मौके से फरार हो गए। मामले का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे बदमाश दुकान में घुसकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं, दुकान के मालिक संजीव कुमार ने बताया, वो हर रोज की तरह दुकान पर आए, लेकिन आज उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। इसके बाद अंदर दाखिल हुए तो अंदर का नजारा देख उनके होश फाख्ता हो गए। बदमाश सभी सामान लेकर फरार हो चुके थे। उधर, पड़ोस के दुकानदार ने घटना के बारे में बताते हुए कहा कि सारी रात जीटी रोड चलता है, लेकिन इसके बावजूद भी चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि शटर तोड़ कर अंदर से सारा कीमती सामान लेकर चोर फरार हो गए। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि रात में पुलिसकर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए, ताकि चोरी की वारदात पर अंकुश लग सके। हालांकि, लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती है, लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरह से चोर चोरी की वारदात को अंजाम दे जा रहे हैं, वो चिंता का विषय है।

### इंडिया गेट के पास आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में इंडिया गेट के पास एक व्यक्ति ने बुधवार देर रात आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा निवाली प्रभाकर (25) के रूप में की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने गुरुवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि आइसक्रीम विक्रेता अपने ठेले (गाड़ी) के पास खड़ा था, तभी एक व्यक्ति ने उस पर हमला कर दिया। राहगीरों ने उसे जमीन पर पड़ा हुआ देखा। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच में व्यक्तिगत दुश्मनी का पता चला है। हालांकि, पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# दो भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत, दो घायल

**हैदराबाद ।** आरएनएस



तेलंगाना के वारंगल और सूर्यापेट जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान दो अलग-अलग सडक़ दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात वारंगल जिले के वर्धन्नापेट के पास वारंगल-खम्मम राष्ट्रीय राजमार्ग पर अकर स्ट्रीम पुल पर सत्रह वर्ष की आयु के चार युवाओं की उस समय मौत हो गयी जब उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक निजी ट्रैवल बस से टकरा गई।

वर्धनपेट और येलांदा के रहने वाले छात्र गणेश, एम सिद्दू, वरुण तेज, पोन्नाला अनिल कुमार येल्लांदा से वर्धनपेट जा रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

एक अन्य दुर्घटना में छह गुरुवार तडक़े सूर्यापेट जिले में श्रीरंगपुरम, कोडाद के पास हैदराबाद-विजयवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार के एक स्थिर लॉरी से टकरा जाने से छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये।

पुलिस के मुताबिक घटना के वक्त कार में सवार लोग हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रहे थे। घायलों को इलाज के लिए कोडाद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के कारण काफी देर तक यातायात ठप रहा। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## जैसलमेर में बड़ा हादसा, भारतीय वायुसेना का टोही विमान क्रैश

**जैसलमेर ।** आरएनएस



भारतीय वायुसेना का मानव रहित एक टोही विमान गुरुवार सुबह राजस्थान के जैसलमेर जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सुरक्षा से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वायुसेना का यह टोही विमान जैसलमेर के वायु सैनिक हवाई अड्डे से सुबह अपनी नियमित अभ्यास पर उड़ान भरी थी और उड़ान के दौरान करीब 10.20 बजे सम्भवत: विमान में तकनीकी खराबी आ जाने से वह अनियंत्रित होकर जैसलमेर जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर पिथला क्षेत्र में भोजोनियों की ढाणी के पास धमाके के साथ सुनसान स्थान पर गिर गया। इसके बाद विमान में आग लग गयी और वह जलकर नष्ट हो गया। विमान के टुकड़े क्षेत्र में फैल गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन एवं वायु सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड एवं दूसरे चरण में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए क्षेत्र में पहुंचे मतदानकर्मियों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ टोही विमान के मलबे में लगी आग को बुझाने में मदद की। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। वायुसेना ने हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

## नाश्ता करते वक्त भड़की आग, जिंदा जल गए 6 लोग, जान बचाने के लिए लोग होटल से कूदे

**पटना ।** आरएनएस



बिहार की राजधानी पटना में वीरवार को भीषण अग्निकांड हो गया। यह अग्निकांड रेलवे जंक्शन के सामने पाल होटल की बिल्डिंग में हुआ। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। एक महिला का जला हुआ शव होटल से निकाला गया है। पाल होटल में आज सुबह लोग नाश्ता करने के लिए जुटे थे। इसी क्रम में किचन में बन रहे नाश्ते के दौरान अचानक रिफाइंड से भरी कड़ाई में आग लग गई। आग की लपट ने बगल में लगे प्लास्टिक को पकड़ लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इस दौरान तेज हवा और गर्मी ने आग को पूरी तरह ज्वलंत बनाने में कारगर साबित हुई। आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाडिय़ों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया। खुद को बचाने के लिए कई लोग होटल से भी कूद गए।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी अन्य आरोपियों से जबरन लिए गए बयानों पर आधारित नहीं : ईडी

**नई दिल्ली ।** आरएनएस




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस बात से इनकार किया है कि दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी अन्य आरोपियों के देर से विरोधाभासी या जबरन लिए गए बयानों पर आधारित है। मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका के जवाब में ईडी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा पेश किया। ईडी ने हलफनामे में दावा किया कि सीएम केजरीवाल ने दिल्ली पीएमएलए अदालत के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें हिरासत/रिमांड बढ़ाए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

हलफनामे में कहा गया है, याचिकाकर्ता को आज की तारीख में अपनी हिरासत पर सवाल उठाने का कोई अधिकार नहीं है। उनकी हिरासत अवैध नहीं है। इस आधार पर उनकी याचिका खारिज की जा सकती है। एजेंसी ने दावा किया कि 21 मार्च को पूछताछ के दौरान सीएम केजरीवाल से उनके मोबाइल फोन का पासवर्ड मांगा गया था और फिर ईडी की हिरासत के दौरान उनसे दोबारा पासवर्ड मांगा गया, लेकिन उन्होंने इसे बताने से इनकार कर दिया। इसमें कहा गया है, हिरासत के दौरान याचिकाकर्ता ने सवालों का गोलमोल जवाब दिया। ईडी ने 21 मार्च को दिल्ली में उनके आवास पर दो घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था और फिलहाल वह तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## दुनिया का दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट बना भारतीय पासपोर्ट, इस मामले में टॉप पर रहा

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



भारत का पासपोर्ट दुनिया में दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट है, ऐसा एक स्टडी में पाया गया है। भारत का पासपोर्ट दूसरा सबसे सस्ता पासपोर्ट होने के साथ वैलिडिटी की सालभर की लागत के हिसाब से यह दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट है। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट शीर्ष पर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई फर्म कॉम्पेयर द मार्केट एयू ने अपनी स्टडी में विभिन्न देशों के पासपोर्ट की लागत को लेकर तुलना की है। स्टडी में पासपोर्ट की वैलिडिटी की हर साल लागत की भी तुलना की गई है। इसमें यह तुलना भी शामिल है कि किसी देश के पासपोर्ट का इस्तेमाल कर कितने देशों में वीजा फ्री एंट्री मिल सकती है।

ऑस्ट्रेलियाई फर्म की तरफ से जारी प्रेस बयान के मुताबिक, 10 साल की वैलिडिटी के लिए भारतीय पासपोर्ट की कीमत 18.07 डॉलर (1,505 रुपये) है, जबकि यूएई 5 साल के पासपोर्ट के लिए 17.70 डॉलर (1,474 रुपये) का शुल्क लेता है। भारतीय पासपोर्ट सस्ता है लेकिन यह सीमित देशों में ही वीजा फ्री एंट्री प्रदान करता है। भारतीय पासपोर्टधारी केवल 62 देशों में वीजा फ्री एंट्री कर सकते हैं। यह ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा जैसे देशों के उलट है, जिनके पासपोर्ट महंगे हैं लेकिन वो अधिक देशों में वीजा फ्री एंट्री देते हैं। स्टडी में यूएई का पासपोर्ट हर मामले में शीर्ष पर रहा चाहे वो दुनिया का सबसे सस्ता पासपोर्ट हो या फिर वीजा फ्री एक्सेस का मामला हो।

स्टडी में कहा गया कि सालभर की लागत के हिसाब से भारतीय पासपोर्ट सबसे सस्ता है। भारतीय पासपोर्ट की एक साल की वैलिडिटी के लिए बस 1.81 डॉलर (150 रुपये) देने पड़ते हैं। इसके बाद हर साल लागत के हिसाब से सबसे सस्ता पासपोर्ट दक्षिण अफ्रीका (3.05 डॉलर, 254 रुपये) और केन्या (3.09 डॉलर, 257 रुपये) के रहे।

## 1 से 7 जून तक फ्लाइट टिकट बुकिंग पर सर्विस चार्ज और आईलैट्स कोचिंग फीस पर 1 महीने की फीस पर 50 फीसदी तक छूट की घोषणा

**जालंधर ।** आरएनएस

लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान 70 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे वोटर जागरूकता अभियान में जिले के लगभग 40 ट्रैवल एजेंटों व इमीग्रेशन कंसलटेंट्स ने स्वेच्छा से 1 से 7 जून तक फ्लाईट टिकट की बुकिंग के सर्विस चार्ज 50 फीसदी छूट और आईईएलटीएस सेंटरों ने एक महीने की कोचिंग फीस में 50 फीसदी छूट देने का फैसला लिया है।

आज जिला प्रशासकीय कांपलैक्स में एक बैठक के दौरान जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने वोटर जागरूकता अभियान में शामिल होने के लिए ट्रैवल एजेंटों, इमीग्रेशन कंसलटेंट्स और आईलेट्स सैंटरो के प्रबंधकों/मालिकों को इस मुहिम से जुडने के लिए धन्यवाद किया जिससे, युवा वोटर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित होंगे।

उन्होंने कहा कि 1 जून को मतदान के बाद उंगली पर स्याही का निशान दिखाकर 1 से 7 जून तक चयनित ट्रैवल एजेंटों, इमीग्रेशन कंसलटैंट्स और आईलेट्स सेंटरों से यह छूट प्राप्त की जा सकती है।

ट्रैवल एजेंटों, इमीग्रेशन कंसलटेंट्स और आईलेट्स सैंटरों को मतदाता जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाने का न्योता देते हुए डा. हिमांशु अग्रवाल ने आईलेट्स सैंटरों के प्रबंधकों/मालिकों से आग्रह किया कि वे यहां पढऩे वाले ऐसे स्टूडेंट्स को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है और वे मतदान के योग्य है।

उन्होंने कहा बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, जिनका वोट अभी तक नहीं बना है, वे 4 मई 2024 तक फार्म नंबर 6 भरकर अपना वोट बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि वोट बनवाने के लिए नजदीकी बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

उन्होंने ट्रैवल एजेंटों से कहा कि वे उनके पास टिकट बुकिंग के लिए आने वाले लोगों को 1 जून (मतदान वाले दिन) के बाद टिकट बुक करने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि वे 1 जून को मतदान करने के लिए प्रेरित करने किया जाए जालंधर के लिए 70 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा वोटरों को उनके मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके तहत पहले शहर के होटल/रेस्टोरेंट मालिकों/प्रबंधकों और अब ट्रैवल एजेंटों, इमीग्रेशन कंसलटेट्स अन्य आईलेट्स सेंटरों द्वारा आगे आकर एक अनूठी पहल की गई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वोटर जागरूकता के लिए और भी गतिविधियां की जाएंगी ताकि प्रत्येक वोटर तक पहुंच की जा सके।

इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) जसबीर सिंह, एस.डी.एम. जय इन्द्र सिंह, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) डा. सुरजीत लाल, ट्रैवल एजेंट, इमीग्रेशन कंसलटैंट और आईलेट्स सैंटरों के प्रबंधक/मालिक भी उपस्थित थे।

## शहीद की बेटी की शादी में पहुंचकर सीआरपीएफ के अधिकारियों-कार्मिकों ने किया कन्या दान


**अलवर ।** आरएनएस

केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के अधिकारी एवं कार्मिकों ने अलवर जिले के राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के दुब्बी गांव में अमर शहीद राकेश मीना की पुत्री का विवाह समारोह में पहुंचकर कन्यादान किया। शहीद के चाचा राम प्रसाद पंच दुब्बी एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश भाबला ने बताया कि शहीद राकेश मीना के चार बेटियां हैं जिनमें से सबसे बड़ी बेटी सारिका का विवाह नरेन्द्र मीना कल्याणपुर कठूमर निवासी के साथ 23 अप्रैल को सम्पन्न हुआ।

इस शादी में बड़े-बड़े आला-अधिकारियों ने आकर शहीद की बेटी सारिका को आशीर्वाद दिया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स समूह केन्द्र अज़मेर से डीआईजी संजय के साथ दो कमांडेंट, इंस्पेक्टर, राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना और सीआरपीएफ बटालियन के जवान शहीद की बेटी सारिका की शादी में पहुंचकर वर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। सीआरपीएफ कोष से एक लाख इक्यावन हजार की सहायता मैरिज प्रमाण पत्र जारी होते ही सारिका के खाते में डाले जायेंगे । केन्द्र समूह प्रथम अज़मेर बटालियन की तरफ़ से एसी मिक्सर इलेक्ट्रॉनिक चूल्हा अन्य सामान गिफ्ट भेंट किया और 21000 रुपये नगद कन्यादान देकर सारिका को आशीर्वाद दिया।

## अगले पांच दिन देश के कई राज्यों में आसमां से बरसेगी आग, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



अगर आप मौसम की गर्मी को हल्के में ले रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है। अगले पांच दिनों में देश के कई राज्यों में गर्म हवाएं और लू चलने की पूरी संभावना है। ये राज्य हैं पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट, जबकि बिहार और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यूपी की बात करें तो लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में तापमान तेजी से बढ़ रहा है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का सितम और बढ़ेगा। प्रदेश के कई हिस्सों में तीन से चार दिनों में तेज लू चलने की सम्भावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन-चार दिनों तक 36 से अधिक जिलों में दिन और रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होगी। राज्य के अधिकतर हिस्सों में लू की भी चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली की बात करें तो मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली में 26 अप्रैल को हल्की बारिश होने के आसार हैं। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार, इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है, वहीं न्यूनतम तापमान 21 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

## विदेशों में फंसे भारतीयों की शीघ्र होगी वापसी : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

रूसी सेना में फंसे 10 भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं और बाकी लोगों की रिहाई के लिए भी रूस सरकार ने सहयोग का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार से ईरान द्वारा बंधक बनाये गये वाणिज्यिक पोत पर तैनात चालक दल के सदस्यों में भारतीय सदस्यों की भी जल्द ही स्वदेश वापसी होने की संभावना है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज यहां नियमित ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रूस यात्रा एवं रूसी सेना में फंसे भारतीयों को सेवा मुक्त करके स्वदेश लाने से संबंधित एक सवाल के जवाब में श्री जायसवाल ने कहा, हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्च पदस्थ अधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक में भाग लेने के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में हैं और उन्होंने इसके अलावा कई अन्य बैठकें कीं, जिसमें रूस में उनके समकक्ष निकोलाई पेत्रुशेव के साथ बैठक भी शामिल है। उन्होंने कई मुद्दों पर चर्चा की है जो द्विपक्षीय एजेंडे का हिस्सा हैं और उन्होंने ब्राजील के सेल्सो अमोरिम सहित कई अन्य बैठकें भी कीं हैं।

प्रवक्ता ने कहा, जहां तक भारतीय नागरिकों के संबंध में सवाल है, हम इन मामलों को विभिन्न स्तरों पर बहुत सक्रियता से उठा रहे हैं, जिसमें रूस के विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और वहां के कई अन्य संगठन शामिल हैं। और हम उन सभी भारतीयों को वापस स्वदेश लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो अब तक हमारे संपर्क में आए हैं और रिहा होना चाहते हैं। ऐसे 10 लोग भारत वापस आ गए हैं और वे घर लौट आए हैं। रूस की ओर से कहा गया है कि जो अन्य भारतीय वहां हैं, उन्हें भी रिहा कर दिया जाएगा और वे घर लौट आएंगे।

ईरान द्वारा जब्त किए गए जहाज एमएसवी आयरिश पर चालक दल के 16 भारतीय सदस्यों के बारे में पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा, जहाज पर तैनात चालक दल के सदस्यों में शामिल एक लडक़ी वापस आ गई है। हमने इन 16 लोगों के लिए राजनयिक संपर्क दिये जाने की मांग की थी जो हमें मिली और हमारे अधिकारी उनसे मिले। उनका स्वास्थ्य अच्छा है और जहाज पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। जहां तक उनकी रिहाई का प्रश्न है तो उसके लिए उनके रोजग़ार अनुबंध की कुछ शर्तों से संबंधित कुछ जटिलताएं हैं, उनके सुलझते ही वे वापस लौट आएंगें।

अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय और अन्य विश्वविद्यालयों में इजऱायल के विरोध में होने वाले राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों के बारे में एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमने इस मामले पर रिपोर्ट देखी हैं और संबंधित घटनाओं पर नजऱ रख रहे हैं। हर लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं समझ के बीच सही संतुलन होना चाहिए। ज़िम्मेदारी और सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था के मामले में, लोकतंत्रों को विशेष रूप से अन्य साथी लोकतंत्रों के संबंध में यह समझ प्रदर्शित करनी चाहिए। आखिऱकार, हम सभी का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाता है कि हम घर पर क्या करते हैं, न कि हम विदेश में क्या कहते हैं।

एक विदेशी पत्रकार द्वारा अमेरिका के नागरिक एवं घोषित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के कथित प्रयास के बारे में एक प्रश्न पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने कहा, हमने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। उच्च स्तरीय समिति कई सूचनाओं पर गौर कर रही है जो अमेरिकी पक्ष द्वारा हमारे साथ साझा की गई थीं क्योंकि वे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी समान रूप से प्रभाव डालती हैं।